Reg No:..................
Name :....................

K25FY2105

# Second Semester FYUGP Hindi Examination
# APRIL 2025 (2024 Admission onwards)
# KU2AECHIN105 (GADYA VIVIDHA)
(DATE OF EXAM: 24-4-2025)

---

Time : 90 min Maximum Marks : 35

**Part A (Answer any 6 questions. Each carries 2 marks)**

1. गिल्लू के जीवन में बसंत आने का संकेत कैसे मिला? 2
2. चूहा लेखक की नींद हराम क्यों करता है? 2
3. प्रदीप पंत की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 2
4. मेघालय में खपत से ज्यादा पनबिजली का उत्पादन क्यों होता है? 2
5. लेखक की उपलब्धि की खबर सुनकर सबसे पहले मित्र ने क्या किया होगा? 2
6. चूड़ीहरिन के रूप में रज़िया की निपुणता व्यक्त कीजिए। 2
7. बहुत बड़ा सवाल एकांकी में मोहन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए। 2
8. बहुत बड़ा सवाल एकांकी का उद्देश्य क्या है? 2

**Part B (Answer any 4 questions. Each carries 4 marks)**

9. संक्षेपण लिखिए। "आखिर एक दिन मुझे समझ में आया कि चूहे को खाना चाहिए। उसने इस घर को अपना घर मान लिया है। वह अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। वह रात को मेरे सिरहाने आकर शायद यह कहता है –क्यों बे, तू आ गया है। भरपेट खा रहा है, मगर मैं भूखा मर रहा हूँ। मैं इस घर का सदस्य हूँ। मेरा भी हक है। मैं तेरी नींद हराम कर दूँगा। तब मैंने उसकी माँग पूरी करने की तकरीब निकाली। रात को मैंने भोजन का डिब्बा खोला, तो पापड के कुछ टुकडे, यहाँ –वहाँ डाल दिये। चूहा कहीं से निकला और एक टुकडा लेकर अलमारी के नीचे चलता बना, वहाँ बैठकर खाने लगा। भोजन पूरा करने के बाद मैंने रोटी के कुछ टुकडे फर्श पर बिखेर दिये। सुबह देखा कि वह सब खा गया है। " 4
10. 'माइती बाजार' की विशेषताएं क्या–क्या हैं? 4
11. हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे के आधार पर व्यक्त करें कि देश के विकास के लिए पर्याप्त धन का अभाव है। 4
12. " किंतु मैं अच्छी तरह जानता हूं कि मेरे कंधे पर रखा हुआ वह चेहरा जिसे मैं देख नहीं पा रहा हूं,मेरी उपलब्धि से भयंकर पीडित हैं।"– व्याख्या कीजिए। 4
13. मधुरभाषी निबंध के शीर्षक की सार्थकता व्यक्त कीजिए। 4
14. संकेत बिंदुओं के आधार पर कहानी लिखिए–: 4

**Part C (Answer any 1 question(s). Each carries 7 marks)**

15. चूहा और मैं व्यंग्य लेख की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए। 7
16. बहुत बड़ा सवाल एकांकी में अभिव्यक्त समस्याओं पर विचार कीजिए। 7